www.akhandbharatsandesh.net

24 वर्ष, अंक 342 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 21 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**SUNDAY,**
**JUNE 21, 2026**

## INTERNATIONAL DAY OF YOGA


Is Day of Ahimsa, Asteya, Aparigraha, Brahmacharya, Oneness with Truth, Oneness with God (All Creation) Victory over Maya...

*This is Day of Kriyayoga - Sanatan Dharma*

## SCHEDULE

**7 am to 9 am @**
Kriyayoga Ashram & Research Institute, Mahavatar Babaji Vatvraksh Meditation Hall

**7 pm to 9 pm @**
Sarva Dharma Mandir Mela Camp, Mahatma Gandhi Marg




क्रिया योग
हं ★ क्षं
परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग



# 21 जून–योग दिवस

यही अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य, सत्य अनुभूति, कैवल्य एवं माया पर विजय दिवस है।

## यही क्रियायोग–सनातन धर्म



## गुरुजी स्वामी श्री योगी सत्यम

888-161-0001 | contact@kriyayoga-yogisatyam.org
YouTube @Guruji YogiSatyam

# डंफर की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क किया जाम मचा कोहराम

मेजा के बंधवा गांव के समीप भीड़ साढ़े चार बजे हुआ दर्दनाक हादसा,एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय और एनटी मेजा नंदलाल के आश्वासन के घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने जाम किया समाप्त

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात डंफर की चपेट में आने से फल खरीदने नवीन मंडी जा रहे एक बुजुर्ग फल व्यवसाई की दर्दनाक मौत गई। मेजारोड चौकी से दाई किमी दूर बंधवा गांव समीप घटी यह घटना बीती रात भोर साढ़े बजे की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के बंधवा गांव निवासी तेज बहादुर घर से साढ़े चार बजे भोर ठेला लेकर नवीन मंडी फल लेने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात डंफर ने उन्हें रौंद दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मेजा पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करते हुए स्थिति को संभाला। इस दौरान घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कई घंटे तक चले गतिरोध के बाद एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय एवं नायब तहसीलदार नंदलाल मौके पर पहुंचे।अधिकारियों ने परिजनों से वार्ता कर उन्हें हरसंभव सहायता एवं नियमानुसार मिलने वाली सरकारी मदद दिलाने का भरोसा दिया जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रकों और डंफर वाहनों का संचालन लगातार बढ़ता जा रहा है। यदि इन वाहनों की गति पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाएं होती रहेंगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से नियमित चेकिंग, गति नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत घर में मचा कोहराम

**परिजनों के साथ किशोर भेड़ों को नहलाने हेतु गया था सोनवर्षा गांव स्थित तालाब पर जहां गहरे पानी में चले जाने के दौरान हुआ हादसा,सूचना मिलते ही एसीपी मेजा सहित मौके पर पहुंचे अन्य पुलिस कर्मी जांच में जुटे**

**मेजा।** क्षेत्र के लेहड़ी गांव में तालाब में डूबने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के लेहड़ी गांव निवासी मुकेश पाल 17 पुत्र किशोर विजय प्रकाश अपने चाचा और भाइयों के साथ भेड़ों को स्नान कराने के लिए सोनबरसा गांव स्थित तालाब पर गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। परिजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। देखते ही देखते किशोर की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय सहित मेजा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। घटना को लेकर पुलिस जहां मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हालांकि किशोर की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम का माहौल बना हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### हर हर महादेव से गूंजा बरियांवा गांव, कुंदौरा धाम में चढ़ाया निशान



**जंघई।** प्राचीन कुंदौरा महादेव मंदिर से क्षेत्र के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है प्रतिदिन पूजन, अर्चन हेतु श्रद्धालु मंदिर आते हैं गांव क्षेत्र के लोग मन्नत मांगते है जो कि कुंदौरा महादेव के आशीर्वाद से पूर्ण भी होती है। इसी क्रम में शनिवार को बरियांवा, शुक्लान गांव निवासी विद्या कांत शुक्ल अपने पुत्रों विजेंद्र कुमार शुक्ल दिल्ली पुलिस, शैलेंद्र कुमार शुक्ल सरकारी अधिवक्ता, अरविंद कुमार शुक्ल भारतीय सेना एवं अन्य परिजनों एवं ग्रामवासियों संग मनोकामना पूर्ण होने पर वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य अपने घर से गाजे बाजे के संग नाचते गाते घर से निकले और ग्राम चौरा माता मंदिर में पूजन अर्चन करते आशीर्वाद लेते हुए कुंदौरा महादेव मंदिर की ओर प्रस्थान किया और मंत्रोच्चारण के मध्य कुंदौरा महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया और निशान चढ़ाया। इस अवसर पर पुरोहित गिरिजा शंकर तिवारी, आचार्य अजय कुमार तिवारी, शिवा शुक्ल, श्रीजल शुक्ल, सुजल शुक्ल, श्रेया, शान्वी, रुद्र मणि मिश्र, जवाहर लाल शुक्ल, राम आसरे पाठक, अखिलेश मिश्र, मिथिलेश मिश्र, राजेश शुक्ल, महेंद्र शुक्ल, जयेंद्र कुमार शुक्ल, रमा मणि मिश्र, कृष्ण कुमार शुक्ल, प्रकाश शुक्ल, गोलू शुक्ल, सूरत शर्मा, संतोष शर्मा, कृष्ण कुमार यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### प्रयागराज-चित्रकूट हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, मासूम समेत दो की मौत

**शंकरगढ़।** प्रयागराज-चित्रकूट हाईवे पर गाढ़ा कटरा गांव के समीप शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में चार वर्षीय मासूम समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, रीवा (मध्य प्रदेश) से अपनी ससुराल जा रहा एक परिवार बाइक से शंकरगढ़ क्षेत्र से गुजर रहा था। इसी दौरान गाढ़ा कटरा गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने चार वर्षीय कृतिम और 28 वर्षीय आरिफ खान को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का उपचार जारी है।सूचना मिलने पर शंकरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**शंकरगढ़।** शिवराजपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार युवक और महिला को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के रीवा जनपद के कुंडी बरहा निवासी शिवनिवाज पाल पुत्र सीताराम पाल अपने रिश्तेदार के घर लकहर गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपनी परिचित उपासना पाल निवासी किटहाई, थाना बरगढ़ के साथ बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान शिवराजपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक समेत सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।घटना की सूचना मिलते ही शंकरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### भारतगंज में 'आरंभ 8.0' प्लास्टिक उन्मूलन अभियान शुरूः सिंगल-यूज प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता, स्वच्छ भविष्य का संदेश

**मांडा।** भारतगंज के पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों को स्वच्छ भविष्य प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पंचायत भारतगंज ने शनिवार को 'आरंभ 8.0' प्लास्टिक उन्मूलन महा-अभियान चलाया। इस दौरान नगर क्षेत्र में नागरिकों, व्यापारियों और विभिन्न संस्थानों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। लोगों से कपड़े और जूट के थैलों जैसे पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की गई। अभियान के तहत लोगों को बताया गया कि प्लास्टिक केवल सड़कों और नालियों को अवरुद्ध नहीं करती, बल्कि मिट्टी, जल और मानव स्वास्थ्य के लिए भी एक बड़ा खतरा है। नगर पंचायत की टीम ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर नागरिकों से प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और स्वच्छ भारत के निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया। नगर पंचायत भारतगंज की चेयरपर्सन फरा बेगम और प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि 'स्वच्छ भारतगंज और हरित भारतगंज' केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है। अभियान को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया और कई व्यापारियों ने प्लास्टिक के विकल्पों को अपनाने का संकल्प लिया। यह अभियान प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को कम करने और एक स्थायी, स्वच्छ वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य दीर्घकालिक रूप से प्लास्टिक मुक्त समाज का निर्माण करना है।

### 21 जून को योगमय होगा शंकरगढ़, जय श्रीराम योगा संस्थान का भव्य आयोजन

**शंकरगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शंकरगढ़ क्षेत्र एक बार फिर योगमय वातावरण में रंगने जा रहा है। जय श्रीराम योगा संस्थान, शंकरगढ़ द्वारा 21 जून को एक विशेष निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष प्रमोद सिंह एवं महामंत्री जय केसरवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि यह आयोजन करो योग-रहो निरोग एवं सर्वे भवन्तु सुखिनः के पावन संकल्प के साथ किया जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्रवासियों को योग के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।उन्होंने बताया कि योग शिविर का आयोजन प्रातः 5:30 बजे से 7:00 बजे तक तपस्थली भूमि, बगिया के पास, लखनपुर, शंकरगढ़-प्रयागराज में किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल होकर योग का लाभ प्राप्त कर सकें। अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने कहा कि योग मनुष्य के जीवन में शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करता है। वहीं महामंत्री जय केसरवानी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस योग शिविर को सफल बनाएं और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।आयोजन को सफल बनाने के लिए संस्थान की पूरी कार्यकारिणी एवं सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं और सभी पदाधिकारी व्यवस्था को अंतिम रूप देने में लगे हैं। विशेष अपीलः सभी नागरिक समय पर पहुंचकर योगाभ्यास में भाग लें और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

## संपूर्ण समाधान दिवस कोरांव में आई 333 शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण, एसडीएम की सदारत में हुआ आयोजन



**कोरांव।** शनिवार को तहसील कोरांव के सभागार में एसडीएम संदीप तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 333 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। प्राप्त शिकायतों में राजस्व से जुड़ी पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया शेष अन्य सभी शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व विभाग की शिकायतें मिली। राजस्व की 125 शिकायतें तो पुलिस विभाग की 65, विकास विभाग की 35, शिक्षा विभाग की दो, स्वास्थ्य विभाग की एक, समाज कल्याण विभाग की दो एवं कुल 103 शिकायतें अन्य विभागों की दर्ज कराई गई। संपूर्ण समाधान दिवस में नायब तहसीलदार रणविजय सिंह, राम मूरत,एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक कुमार मिश्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ के बी सिंह, थाना प्रभारी कोरांव सत्येंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने शिकायतें सुनी और निस्तारित करने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागों की प्राप्त शिकायतों का समय पर निस्तारण करें। जिन विभागों में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाई जाएगी उन विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में श्रम विभाग,शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सिंचाई, कृषि एवं विकास विभाग से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सिकरा मांडा पेयजल समूह तीन दशक से बंद

## करोड़ों की भूमि पर अतिक्रमण, जल निगम ने दी चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा-मेजा मार्ग पर स्थित सिकरा पेयजल समूह पिछले तीन दशकों से बंद पड़ा है। इस परिसर की करोड़ों रुपये की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और इसे शराबियों व जुआड़ियों का अड्डा बनाए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। इसके बाद प्रशासन और जल निगम सक्रिय हो गए हैं।

जल निगम की टीम ने मौके पर जाकर अतिक्रमण की पुष्टि की है। टीम ने कब्जाधारियों को तत्काल भूमि खाली करने की चेतावनी दी है।

अधिकारियों ने बताया है कि जल जीवन मिशन के तहत इस परिसर में जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

यह पेयजल समूह वर्ष 1987 में लगभग साढ़े सात करोड़ रुपये की लागत से ग्राम पंचायत सिकरा में



आवासीय उपयोग के लिए निर्मित किया गया था।

लंबे समय से संचालन बंद होने के कारण यह परिसर उपेक्षा का शिकार हो गया था। इसका फायदा उठाकर कुछ लोगों ने धीरे-धीरे परिसर का निजी उपयोग शुरू कर दिए है '

इसी शिकायत के बाद प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई शुरू की है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को जल निगम की टीम अभियंता महेंद्र कुमार के नेतृत्व में सिकरा पेयजल समूह परिसर पहुंची। टीम ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और मौके की स्थिति का जायजा लिया।

जांच के दौरान परिसर में कई स्थानों पर मवेशी बंधे मिले, उनके लिए नाद और चन्नी की व्यवस्था भी पाई गई। इसके अलावा भूसा और अन्य सामग्री भी परिसर में रखी मिली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की। लोगों ने बताया कि परिसर लंबे समय से खाली पड़ा था, इसलिए वे उसका उपयोग कर रहे थे।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यदि विभाग या प्रशासन भूमि खाली करने को कहेगा तो वे तत्काल कब्जा हटा देंगे। अधिकारियों ने उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का निजी उपयोग या कब्जा स्वीकार्य नहीं है और जल्द से जल्द परिसर को खाली कर दिया जाए। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत इस महत्वपूर्ण परिसर में शीघ्र ही कार्य शुरू कराया कब्जा हटा देंगे। अधिकारियों ने उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का निजी उपयोग या कब्जा स्वीकार्य नहीं है और जल्द से जल्द परिसर को खाली कर दिया जाए। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत इस महत्वपूर्ण परिसर में शीघ्र ही कार्य शुरू कराया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना विभाग की प्राथमिकता है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय के भीतर कब्जा नहीं हटाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से उपेक्षित पड़ी इस सरकारी संपत्ति की सुरक्षा और पुनः उपयोग की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा। वहीं अवैध कब्जे की शिकायत पर त्वरित जांच और कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## मेजा उरुवा मांडा और कोरांव के गरीब बेटियों की सामूहिक शादी का आयोजन 25 जून को

**मेजा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब बेटियों के लिए सामूहिक शादी की आवेदन की प्रकिया प्रारंभ हो गई है। उक्त आशय की जानकारी मेजा ब्लाक के एडीओ समाज कल्याण सुशांतु पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि ऐसे गरीब व्यक्ति जो अपनी पुत्री की शादी करना चाहते हैं, सामूहिक शादी हेतु आवेदन कर सकते हैं जिससे कि निर्धारित समय 25 जून 2026 को गरीब बेटियों की शादी संपन्न कराई जा सके। श्री पांडेय ने कहा कि सामूहिक विवाह आवेदन के लिए स्वयं पुत्री ही आवेदक होगी। आवेदन पत्र में उसके बैंक खाते का पासबुक,उम्र के लिए परिवार रजिस्टर की नकल या हाई स्कूल का प्रमाण पत्र व फोटो,पुत्री के पिता अथवा माता का आय,जाति और निवास प्रमाण पत्र व मो.नं बतौर दस्तावेज संलग्न करना होगा। इसके अलावा वर पक्ष से वर के उम्र संबंधित हाई स्कूल का प्रमाण पत्र या परिवार रजिस्टर की नकल,वर का आधार कार्ड फोटो और मो.नं. तथा वर के पिता का आधार भी संलग्न किया जाना अनिवार्य है। श्री पांडेय के अनुसार सामूहिक विवाह के दौरान कुल एक लाख की धनराशि का लाभ दिया जाता है जिसमें जिसमें से 64 हजार रुपये सीधे पुत्री के खाते में जमा



एडीओ समाज कल्याण सुशांतु पांडेय

कराई जाती है और 21 हजार रुपए का सामान तथा 15,हजार रुपया व्यवस्था में खर्च होने का विधान है। यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम आगामी 25 जून को विकास खंड कोरांव के रिद्धि सिद्धि भवन तरांव में आयोजित किया जाएगा जिसमें विकास खंड मेजा, उरुवा, मांडा और कोरांव ब्लाक के जोड़े शामिल होंगे। इस मौके पर उन्होंने संबंधित विकास खंडों के सभी प्रधान गणों और क्षेत्र वासियों से अपने अपने क्षेत्रों के गरीब बेटियों के माता-पिता को उक्त के बाबत जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कराने की अपील किया है। इतना ही नहीं श्री पांडेय के अनुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अब प्रत्येक तीसरे महीने आयोजित कराया जाएगा।

### युवक को पीट कर बेहोश किया गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बसदेया निवासी रमेश कुमार यादव पुत्र सहादेव का आरोप है कि उसके विपक्षी रास्ते में लगे खडिंजा को उखाड कर फेंक रहे थे। रमेश कुमार का आरोप है कि विपक्षी एक राय होकर उसके पुत्र महेन्द्र कुमार को जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडा से हमलावर हो गए तथा उसे बेहोश कर दिए।जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रमेश कुमार ने मऊआइमा थाना में सूरज यादव,लालबाबू, सचिन कुमार, सुरेश कुमार के खिलाफ मुकदमा करा दिया है।

### वृद्ध को मार पीट कर लहुलुहान कर दिया गया आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा ।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचडीह दुगार्गंज निवासी नागेन्द्र भूषण शुक्ला का आरोप है कि 17 जून को घरेलू बंटवारे की जमीन को लेकर उसके परिजनों ने उनपर धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिए थे। उपचार के बाद शनिवार को घायल नागेन्द्र भूषण शुक्ला ने थाने में अपने सगे भाई बालेन्द्र भूषण शुक्ला, बृजभूषण शुक्ला,इनकी पत्नी आशा देवी, रंजना देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## समाधान दिवस में 160 शिकायतें पहुंचीं आठ मामलों का मौके पर निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** तहसील सदर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। समाधान दिवस में कुल 160 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से आठ का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राजस्व, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की जमीनी स्तर पर जांच कर तय समय सीमा के भीतर उनका समाधान किया जाए। साथ ही शिकायतकताओं से फीडबैक लेकर उनकी संतुष्टि भी सुनिश्चित



करने को कहा।

समाधान दिवस में सबसे अधिक 91 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। इसके अलावा पुलिस विभाग की 35 और अन्य विभागों की 34 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने वरासत, अवैध कब्जा और अन्य लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी ने तहसील परिसर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर करने, पुराने अनुपयोगी शौचालय को हटाने तथा अन्य शौचालयों की मरम्मत कराकर सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र, उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# खाद बीज वितरण की समुचित व्यवस्था नहीं हुई तो आर पार की लड़ाई : ललन सिंह पटेल

**भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के पदाधिकारियों ने सौंपा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन**

**कोरांव।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के बाद तहसील मुख्यालय कोरांव पर दोपहर बाद 2:30 बजे के भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के पदाधिकारियों ने संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी कोरांव को जिलाधिकारी प्रयागराज को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि खाद बीज वितरण की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ उचित निर्धारित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाय, सिरसी बांध प्रखंड योजना के अंतर्गत निकली हुई सुखड़ा नहर का



पानी विगत कई वर्षों से टेल तक नहीं पहुंच रहा है नहर की सफाई करवाते हुए टेल तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा कृषि उपज की बिक्री हेतु कृषक द्वारा ऑनलाइन करते समय ही बिक्री के लिए तत्समय ही टोकन उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल ने कहा है कि उपरोक्त मांगों पर अगर त्वरित कार्रवाई करते हुए समाधान नहीं किया गया तो 30 जून को तहसील मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया जाएगा। जिससे उत्पन्न परिस्थितियों का उत्तरदायित्व तहसील प्रशासन का होगा। किसानों ने आरोप लगाया कि 265 रुपए कि यूरिया खाद 550 तो 1350 रुपए की डीएपी खाद 1900 रुपए प्रति बोरी तक प्राइवेट दुकानदारों के द्वारा बेंची जा रही है। लेकिन स्थानीय जिम्मेदार तथा विभागीय अधिकारी मूक दर्शक बने हुए हैं। जिससे खाद बीज के लिए किसानों को काफी परेशानियां हो रही हैं। यूनियन के कार्यकताओं ने शीघ्र समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है।

ज्ञापन देने के दौरान प्रमुख रूप से यूनियन के जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश शुक्ला उर्फ बबलू शुक्ला, जिला प्रवक्ता रामलाल सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार मौर्य, प्रदेश महासचिव रणधीर सिंह, कमला शंकर सिंह, प्रदेश सचिव शिवदानी पाल, संत पाल, सतीश कुमार सिंह, लाल बहादुर सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, लाल बहादुर सिंह, नीलकमल सिंह, मुन्ना सिंह, मंगलेश्वर सिंह, अनिल सिंह, कृपा शंकर, कृष्ण पाल सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम मेजा नीलम उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शनिवार को एसडीएम मेजा नीलम उपाध्याय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अपनी समस्याओं को लेकर दूर-दराज के गांवों से भारी संख्या में फरियादी पहुंचे। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी 200 शिकायतें दर्ज की गईं। इस दौरान ?एसडीएम नीलम उपाध्याय ने मौके पर मौजूद रहकर एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्रार्थना पत्रों का अवलोकन करते हुए निस्तारण हेतु संबंधितों को निर्देशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए मामलों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पुलिस, विकास खंड और बिजली विभाग से संबंधित शिकायतें रहीं। सभी ?मामलों को गंभीरता से लेकर एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतें सौंप दीं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए और जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके तहसील के प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की मेरी पॉलिसी संख्या 31397 3474 में भूल वश अरविंद गुप्ता अंकित हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम सिकंदर कुमार गुप्ता पुत्र अटारी दीन गुप्ता निवासी सौराई बुजुर्ग दारानगर जनपद कौशांबी है ।

www.akhandbharatsandesh.net
वर्ष 24, अंक 342, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 21 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरी दुनिया करेगी योगाभ्यास

### पीएम ने स्वास्थ्य के प्रति दुनिया को किया जागरूक



**नई दिल्ली**
**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष देशभर में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में भागीदारी के कई नए कीर्तिमान बनने की संभावना है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोलकाता में लगभग 10 लाख लोग योगाभ्यास करेंगे। यह पहली बार है जब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन कोलकाता में आयोजित हो रहा है, जिसके कारण पूरे शहर में विशेष उत्साह और उत्सव का माहौल बना हुआ है। लोगों का यह जोश बता रहा है कि योग दिवस अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है।

हम आपको बता दें कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ह्यस्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगह्न रखी गई है। यह विषय वर्तमान समय में बेहद महत्वपूर्ण है। भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में शामिल है और युवाओं के लिए यह स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का बड़ा अवसर है। यदि लोग अभी से योग और स्वास्थ्य पर ध्यान देंगे तो भविष्य में वह बेहतर जीवन जीने के साथ देश के विकास में भी योगदान दे सकेंगे।

योग प्रशिक्षकों का भी मानना है कि योग अब केवल शारीरिक अभ्यास तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह जन उत्सव का रूप ले चुका है। लोगों में योग को लेकर बढ़ती जागरूकता इस बात का प्रमाण है कि यह परंपरा अब घर-घर तक पहुंच रही है।

हम आपको याद दिला दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव मात्र तीन महीनों के भीतर रिकॉर्ड 177 देशों के समर्थन के साथ पारित हुआ था।

## बेड़ियां टूटीं, नई उम्मीदों के साथ विकास यात्रा शुरू- मोदी



**कोलकाता**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बीजेपी की ऐतिहासिक जीत के बाद पश्चिम बंगाल में नई ऊर्जा आई है और राज्य आखिरकार तृणमूल कांग्रेस के एक दशक से ज्यादा के शासन की बेड़ियों से आजाद हो गया है। पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल दिवस के मौके पर ये बातें कहीं। एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव और शपथ ग्रहण समारोह के बाद बंगाल का यह मेरा पहला दौरा है। अब बंगाल की हवा में एक नई ताजगी है। ऐसा लगता है कि बंगाल आखिरकार अपनी बेड़ियों से आजाद हो गया है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि लोगों में खुशी का माहौल बदलते बंगाल की भावना को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी-एनडीए सरकार ने पिछली लेफ्ट फ्रंट और टीएमसी सरकारों द्वारा छोड़ी गई कमियों को पूरा करने के लिए बंगाल में विकास की गति को तेज किया है। उन्होंने कहा कि आज का ये कार्यक्रम... ये साक्षी है, इन परियोजनाओं का शुभारंभ ये गवाह है कि हमारा बंगाल अपने नए भविष्य के निर्माण में जुट गया है। बंगाल के लोगों के चेहरे की ये चमक... गांव गांव में खुशी और विश्वास का भाव... मैं आपके इस आनंद में भागीदार बनने के लिए आया हूं। आपका एक वोट, एक चुनाव... कितना कुछ परिवर्तन कर सकता है, ये बंगाल में साफ साफ नजर आ रहा है।

मोदी ने कहा कि मैं इस अवसर पर बंगाल के लोगों को, और सभी देशवासियों को इस आयोजन की पश्चिम बंग दिवस की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं आप सभी की स्वच्छता से स्वागत पहले के लिए भी सराहना करना चाहता हूं। स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। जहां स्वच्छता होगी, वहां विकास भी काफी सुंदर दिखेगा। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंग दिवस की ये तारीख और भी बहुत खास है। आजादी के बाद बंगाल के उज्ज्वल भविष्य के लिए जो सपना देखा गया था, बंगाल की महान आत्माओं ने जो परिकल्पना की थी, आज एक तरह से पहली बार हम पश्चिम बंग दिवस पर उन सपनों को सच्चाई में बदलते देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये ऐतिहासिक तारीख पश्चिम बंगाल के विकास की प्रेरणा बने, हम एक नया और गौरवशाली इतिहास रचे... आज बीजेपी-एनडीए सरकार में इसके लिए विकास के महा-अभियान की शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में दशकों तक पहले लेफ्ट और फिर टीएमसी ने जो गड्ढे बनाए, उसे भरने के लिए डबल इंजन की सरकार ने सुपर-फास्ट स्पीड से काम करना शुरू कर दिया है। बिजली की रफ्तार से फैसले हो रहे हैं। रुकी हुई योजनाओं पर काम आगे बढ़ने लगा है। आज यहां सैकड़ों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ है।

## यह लोकतंत्र और विकास का उत्सव- पीएम



**ओडिशा**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति के 68वें जन्मदिन के मौके पर उनके गृहनगर पहाड़पुर में ओडिशा के मयूरभंज ज़िले के दौरे पर हैं। इस दौरे के दौरान, दोनों नेताओं ने पवित्र संताली जाहेरा और हो जाहेरा स्थलों पर पूजा-अर्चना की और स्थानीय आदिवासी समुदायों द्वारा की जाने वाली पारंपरिक प्रकृति-पूजा में हिस्सा लिया। यह दौरा आदिवासियों तक पहुँचने के एक बड़े अभियान का हिस्सा है। इसमें शिक्षा और कौशल विकास के जरिए आदिवासी आबादी को सशक्त बनाने की कोशिशों को उजागर करने के लिए एक स्थानीय कौशल विकास केंद्र और एक स्कूल का दौरा भी शामिल था। यह यात्रा राज्य सरकार के दो साल पूरे होने का भी प्रतीक है।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायरंगपुर में ओडिशा सरकार के 2 साल पूरे होने के जश्न के मौके पर आयोजित 'विकास रा धारा, ओडिशा सारा' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा ओडिशा इन दिनों उत्सवों के आंनद में डूबा हुआ है।

## बिहार के भरत तिवारी एनकाउंटर पर तेजस्वी यादव आगबबूला

**बिहार**
**बिहार** के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में कथित रूप से पुलिस मुठभेड़ में एक युवक भरत तिवारी की मौत का मामला गरमा गया है. आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने सम्राट चौधरी सरकार को घेरते हुए बिहार पुलिस पर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने कहा कि भरत तिवारी का फेक एनकाउंटर बिहार पुलिस ने किया है. जाति देखकर कई बार फेक एनकाउंटर हुआ।

## निमार्णाधीन मंदिर की छत गिरी, 5 श्रद्धालुओं की मौत



**महाराष्ट्र**
**महाराष्ट्र** के परभणी में शनिवार को एक दुखद घटना में मंदिर की छत का एक हिस्सा ढह गया। शुरूआती खबरों के अनुसार, कई श्रद्धालुओं के मलबे में दबे होने की आशंका है और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि 30 से 40 लोगों के फंसे होने की आशंका है, आठ लोगों को बचा लिया गया है, पांच की हालत गंभीर है और बाकी लोगों को बचाने का काम जारी है। ताजा खबरों के मुताबिक, पांच लोगों की मौत हो गई और 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गिरने की सही वजह अभी पता नहीं चली है

अधिकारियों ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पतालों में भेजा जा रहा है और वे अभी भी नुकसान का अंदाजा लगा रहे हैं और यह पता कर रहे हैं कि क्या मलबे के नीचे और लोग फंसे हो सकते हैं। गिरने की सही वजह अभी पता नहीं चली है। बचाव कार्य जारी है और आगे की जानकारी का इंतजार है। यह घटना ऐसे समय में हुई जब सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर में जमा हुए थे, क्योंकि आमतौर पर शनिवार को हनुमान मंदिरों में ज्यादा भीड़ होती है। मंदिर में भीड़ के दौरान, बन रहे असेंबली हॉल की छत का एक हिस्सा और एक सपोर्टिंग पिलर अचानक गिर गया, जिससे नीचे खड़े श्रद्धालु उसकी चपेट में आ गए और मौके पर अफरातफरी मच गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हर शनिवार को ज़िले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा के लिए यशवाड़ी मंदिर आते हैं। आज भी, प्रार्थना के लिए मंदिर परिसर में भारी भीड़ जमा हुई थी।

### अमेरिका-इंडिया ट्रेड डील पर केंद्रीय मंत्री गोयल का बड़ा बयान

## हमने डील के फ्रेमवर्क समझौते को अंतिम रूप दिया



**नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार (20 जून) को भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापारिक समझौते को तब तक लागू नहीं कर सकता है, जब तक उसे कॉम्पिटिटर देश की तुलना में किसी तरह का सीधा फायदा नहीं मिलता है.

उन्होंने साफ संकेत दिया है कि बातचीत में टैरिफ से जुड़े मुद्दे ही आखिरी में बाधा बने हुए हैं. अठक से बात करते हुए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बाइलेटरल ट्रेड डील 99 प्रतिशत पूरी हो चुकी है. गोयल ने बताया कि फ्रेमवर्क पहले ही तय हो चुका है. इसे लागू करना टैरिफ से जुड़ी चिंताओं को सुलझाने पर निर्भर करता है. गोयल ने बीजेपी हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करते हुए कहा कि हमने फ्रेमवर्क समझौते को अंतिम रूप दिया है. इसकी भी घोषणा कर दी है. टैरिफ के संबंध में सुप्रीम कोर्ट का आदेश उसके बाद आया. हम त्रछ्ळअ को तब तक लागू नहीं कर सकते, जबतक हमें फायदा न मिले.

गोयल ने कहा है कि इस डील का जो मुद्दा फिलहाल लंबित है, वह प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में हमारी ड्यूटी कम होना चाहिए. यह तय होने के बाद ट्रेड डील को लागू कर दिया जाएगा. भारत में रुपये की कीमत में आई गिरावट पर गोयल ने भरोसा जताया है कि समय के साथ देश की करेंसी स्थिर हो जाएगी. आने वाले समय में रुपया सामान्य स्थिति में आ जाएगा.

भारत ने ट्रेड डील को लेकर नेटवर्क में विस्तार किया

गोयल ने कहा है कि भारत ने फ्री ट्रेड डील को लेकर अपने नेटवर्क में विस्तार किया है।

## नीट री-एग्जाम को लेकर यूपी में चप्पे-चप्पे पर सख्त पहरा, 24 घंटे सोशल मीडिया पर रहेगी नजर



**नई दिल्ली**
**नीट** (यूजी) री-एग्जाम के सफल और निष्पक्ष आयोजन को लेकर देशभर में खास इंतेजाम किए गए हैं. उत्तर प्रदेश में भी रविवार (21 जून) को होनी वाली इस परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी की है. लखनऊ के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) बबलू कुमार ने कहा कि हमने इस परीक्षा को सुचारू और सुरक्षित रूप से आयोजित करने के लिए व्यापक पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की है. हमारी टीम चौबीसों घंटे हर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निगरानी कर रही है. उन्होंने बताया कि यह लखनऊ में 75 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है. पुलिस की तैनाती तीन स्तरों पर की गई है. पहली टीम सेंटर तक क्वेश्चन पेपर पहुंचाने और बाद में छात्रों की आंसर शीट इकट्ठा करने के लिए जिम्मेदार है. इस टीम में उअढक्रके दो जवान और हमारी पुलिस बल के दो कांस्टेबल शामिल होंगे. इसके अलावा, हमने उम्मीदवारों की जांच और तलाशी संभालने के लिए हर केंद्र पर पर्याप्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया है.

नीट परीक्षा से पहले हर छात्र की गहन तलाशी के निर्देश

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने आगे बताया, "स्क्रीनिंग प्रक्रिया को लेकर हमने सभी को निर्देश दिया है कि वे हर छात्र की गहन तलाशी लें. उम्मीदवारों को अपने एडमिट कार्ड, आईडी कार्ड और तस्वीर के अलावा कुछ भी ले जाने की अनुमति नहीं है. परीक्षा हॉल के अंदर छात्रों को पेन उपलब्ध कराए जाएंगे. छक्व (लोकल इंटेलिजेंस यूनिट) और क्रिमिनल इंटेलिजेंस टीमों को सक्रिय कर दिया गया है. अपराधियों पर कड़ी नजर रख रहे हैं ।

# योगी आदित्यनाथ का नेहरू पर बड़ा हमला

### गुजरात में सोमनाथ मंदिर का विरोध औपनिवेशिक मानसिकता थी



**उत्तर प्रदेश**
**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को झांसी में 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए सोमनाथ मंदिर के इतिहास का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि आजादी के ठीक बाद के वर्षों में भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को उचित सम्मान नहीं मिला। गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद उप-प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने मंदिर के जीर्णोद्धार की पहल की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस कदम का विरोध किया था। योगी ने आगे कहा कि जब भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का फैसला किया, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री ने एक पत्र के जरिए उन्हें ऐसा करने से रोका था। मुख्यमंत्री के अनुसार, ऐसे फैसले औपनिवेशिक मानसिकता को दशार्ते थे, जिसका असर उस दौर में देश की नीतियों और सोच पर बना हुआ था।

उन्होंने कहा देश पर अभी भी गुलामी की मानसिकता का असर था। इसी वजह से भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को वह पहचान नहीं मिल पाई, जिसकी वे हकदार थीं। मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक पुनरुद्धार और राष्ट्रीय धरोहर को बचाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि भारत अब अपनी सभ्यता की जड़ों को लेकर गर्व की नई भावना महसूस कर रहा है। हाल की घटनाओं का ज़िक्र करते हुए योगी ने कहा कि आजाद भारत में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े अहम धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लिया है, जिनमें अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास और प्राण-प्रतिष्ठा समारोह शामिल हैं।

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने परिवार-केंद्रित राजनीति की। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता का समर्थन खोने के बाद, इन दलों ने राजनीतिक फायदे के लिए समाज को जाति के आधार पर बांटने की कोशिश की। उन्होंने कहाकि लोगों ने ऐसी राजनीति को नकार दिया है। जो लोग कभी सिर्फ. अपने परिवारों के लिए काम करते थे।

## एसआईटी जांच में बड़ा खुलासा, 'मौखिक आदेश' पर होते थे सारे फैसले



**अयोध्या**
**अयोध्या** में राम मंदिर के लिए मिले दान के पैसे के गलत इस्तेमाल के आरोपों की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम  ने अपनी जांच का दायरा कैश गिनने की प्रक्रिया से आगे बढ़ा दिया है और अब वह मंदिर के पुजारियों और मंदिर प्रशासन के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने शुक्रवार को चल रही जांच के सिलसिले में अनिल मिश्रा से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। जांचकताओं को दान और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभालने से जुड़े स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के पालन में कमियां मिली हैं। रक्ळ ने यह भी पाया है कि मंदिर परिसर में काम करने वाले कई लोगों को आधिकारिक आदेशों के जरिए स्पष्ट जिम्मेदारियां नहीं सौंपी गई थीं। इसके बजाय, कई कामकाज से जुड़े फैसले जुबानी निर्देशों के आधार पर लिए जा रहे थे, जिससे जवाबदेही और निगरानी को लेकर चिंताएं पैदा हो रही हैं।


मंदिर प्रबंधन जांच के घेरे में

जांच में दान के फंड के प्रबंधन में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में गर्भगृह के प्रभारी डऊ तिवारी की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। यह विवाद 7 जून को तब सामने आया जब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि राम मंदिर में दान के तौर पर मिले करोड़ों रुपये गायब हो गए हैं। उन्होंने न्यायपालिका से इस मामले का संज्ञान लेने और गहन जांच की मांग की। इन आरोपों के बाद सत्ताधारी इखढ और विपक्षी दलों के बीच राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। अखिलेश यादव ने दावा किया है कि इस विवाद का अयोध्या में धार्मिक पर्यटन पर निर्भर स्थानीय व्यवसायों पर बुरा असर पड़ा है और उन्होंने रक्ळ की जांच के बारे में रोजाना अपडेट देने की मांग की है।

डोनेशन विवाद पर यूपी के उट योगी आदित्यनाथ

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का बचाव किया और विपक्षी पार्टियों पर अयोध्या और मंदिर की छवि खराब करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## भारत कोई धर्मशाला नहीं है- अमित शाह



**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में कोल्हापुर की जनसभा के माध्यम से पूरे दमखम के साथ बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों से साफ साफ कह दिया है कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा है कि देश में अवैध रूप से घुसकर रहने वाले हर घुसपैठिये की पहचान होगी और उसे बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। अमित शाह ने साफ चेतावनी दी है कि जो लोग स्वेच्छा से अपने देश लौट जाएंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, लेकिन जो कानून को चुनौती देंगे, उनके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव लगातार गहराता जा रहा है और घुसपैठ का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा के केंद्र में पहुंच चुका है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने विपक्षी दलों पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों तक वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध घुसपैठियों को संरक्षण दिया गया, जिसके कारण सीमावर्ती इलाकों की जनसंख्या संरचना तेजी से बदली। अमित शाह ने कहा कि यह केवल अवैध प्रवास का मामला नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और राष्ट्रीय पहचान पर सीधा हमला है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और हर घुसपैठिये को चिन्हित करने के लिए व्यापक अभियान चला रही है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर नया विवाद खड़ा हो गया है। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने दावा किया है कि भारत की सीमा सुरक्षा बल ने मेहरपुर क्षेत्र में चार लोगों को बांग्लादेश में धकेलने की कोशिश की।

# डीएम एवं एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, 26 शिकायतों का हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। लालगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 458 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 17 व पुलिस विभाग की 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 458 शिकायतों में से 226 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 70, विकास विभाग से 30, समाज कल्याण से 11, बेसिक शिक्षा विभाग से 03, विद्युत विभाग से 16, आपूति विभाग से 17 एवं 85 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर व विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतो को मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना द्वारा सुना गया।

डीएम ने प्रत्येक प्राथना पत्र पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने और शिकायतों का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी तथा निष्पक्ष तरीके से करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट हो। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समय पर और सही तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि संबंधी मामलों पर गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी जाए और विवादों का निष्पक्ष एवं शीघ्र निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि जमीन संबंधी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, जिससे लोगों को न्याय मिल सके और विवादों का स्थायी समाधान हो सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि कोई भी पात्र एवं गरीब व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए। इसके लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सतर्कता बरतें और पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने भी पुलिस अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को संवेदनशीलता एवं विनम्रता के साथ सुना जाए तथा निष्पक्ष जांच कर पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना, डीएफओ आशुतोष गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### बाइक सवार चार लोग सड़क हादसे में घायल

**पट्टी।** शुक्रवार की देर शाम क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। हादसे में दो मासूम बच्चों समेत चार लोगों को चोटें आईं। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अंदेवरी गांव निवासी सत्येंद्र कुमार (20) शुक्रवार की शाम अपने परिजनों के साथ मुजाही बाजार में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि रात में अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक सवार सत्येंद्र कुमार के अलावा सौम्या (10), आयांश (6) और किरण देवी (38) घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर सौम्या और आयांश को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है।इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि घायलों का उपचार किया गया है, दो मासूम बच्चों की हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### महिला की पुश्तैनी जमीन पर कब्जा, विरोध पर मां व बच्चों को पीटा

**पट्टी।** कोतवाली पट्टी के धनगढ़ सराय छिवलहा गांव में दबंगों द्वारा दिनदहाड़े एक महिला की पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा करने और विरोध करने पर पूरे परिवार को लाठी-डंडों से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव की निवासिनी गायत्री देवी पत्नी मनोज कुमार मिश्रा का आरोप है कि दोपहर करीब एक बजे गांव के ही विजय श्याम मिश्रा व कनक लता मिश्रा ने अज्ञात मजदूरों के साथ मिलकर उनकी हिस्सेदारी की जमीन पर जबरन पिलर गाड़कर तारबंदी शुरू कर दी। जब गायत्री देवी ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर लाठियों से हमला कर दिया। मां को पिटता देख जब उनकी बेटी और बेटा बीच-बचाव करने आए, तो दबंगों ने उन्हें भी बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों को आता देख आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। डरी-सहमी पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में कोतवाली पट्टी पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### पिकअप डाला और बोलेरो में जोरदार टक्कर, चार घायल

**पट्टी।** शनिवार दोपहर दाउदपुर तकिया गांव के समीप पिकअप डाला और बोलेरो की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी भिजवाया। जानकारी के अनुसार, पड़ोसी जनपद जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र के मुंहकुंचा गांव निवासी लोग धनगढ़ सराय छिवलहा गांव में रिश्तेदारी से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान दाउदपुर तकिया गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप डाला ने बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शिवम, शकुंतला, सावित्री और विद्या देवी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पट्टी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार सीएचसी में किया गया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला से मारपीट का वीडियो वायरल, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के फत्तूपुर गांव में महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।फत्तूपुर गांव निवासी गुड़िया देवी पत्नी कन्हैयालाल ने शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे पट्टी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्राथर्ना पत्र दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके देवर और ससुर द्वारा उसे काफी समय से प्रताड़ित किया जा रहा है। आरोप है कि ससुर के उकसाने पर देवर ने उसके साथ अभद्रता करते हुए बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसे व डंडे से जमकर मारपीट की।बताया जा रहा है कि मारपीट की पूरी घटना का किसी ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद मामले की चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

### न्यायिक पत्रावली गायब, पीड़ित ने की एफआईआर की मांग

**पट्टी।** तहसील पट्टी परिसर में सरकारी कार्यालय से एक पीड़ित की महत्वपूर्ण न्यायिक पत्रावली (केस फाइल) गायब होने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर संबंधित अधिकारियों व कार्यालय प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की गुहार लगाई है। ग्राम दाऊदपुर बिनैका निवासी मुरारीलाल गुप्ता पुत्र स्व. रामसजीवन ने शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने ग्राम सभा के विरुद्ध धारा-24 के तहत पैमाइश के लिए एक वाद दाखिल किया था। इस वाद के अंतर्गत श्कच्ची नापश की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, जिसकी प्रमाणित प्रतिलिपि पीड़ित के पास सुरक्षित है।

### मारपीट में दो लोग घायल

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के समसपुर साजा गांव निवासी मोतीलाल पटेल का 35 वर्षीय बेटे सोनू पटेल को गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। महेशगंज थाना क्षेत्र के बल्ला गांव निवासी राजेश की 11 वर्षीय बेटी महक को पड़ोस के ही कुछ लोगों ने रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों का सीएचसी में इलाज कराया और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

### युवक पर जानलेवा हमला, केस

**कुंडा।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के रघुबर गांव निवासी नन्दलाल पटेल ने पुलिस को तहरीर दी। 18 जून की शाम उसका 27 वर्षीय बेटा हरिश्चन्द गांव के बाहर आम की बाग के पास खड़ा था। तभी भरतगढ़ गांव निवासी अमन सोनकर वहां पहुंचा और उसके बेटे को गालियां देने लगा। हरिश्चन्द्र ने विरोध किया तो अमन ने लाठी डंडे से उसपर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी से प्रयागराज में भती कराया। पीड़ित नन्दलाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अमन सोनकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी से छेड़खानी, युवक पर केस

**कुंडा।** बाघराय थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी 17 जून की शाम खेत की ओर जा रही थी। तभी रास्ते में एक युवक ने उसे रोका और छेड़खानी करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो युवक जान से मारने की धमकी देते भाग निकला। किशोरी के पिता ने पुलिस को मामले की नामजद तहरीर दी। पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने धनवासा के रहने वाले आरोपी युवक खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ श्रवण कुमार ने कहा कि किशोरी से छेड़खानी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

सच दबा या फिर जाँच हुई कमजोर

# कुंडा में अनसुलझे कत्लों का हिसाब कौन देगा!

अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** एक के बाद एक हुए चर्चित हत्याकांडों की फाइलें तो बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पीड़ित परिवारों को इंसाफ आज तक नहीं मिल सका। शिक्षामित्र पवन सिंह, रिक्शा चालक मुकेश साहू, व्यापारी रामकृष्ण केसरवानी और चैकीदार हरिश्चंद्र मिश्र की हत्या के मामलों का राजफाश वर्षों बाद भी नहीं हो सका। अब गल्ला व्यापारी मुन्नेलाल साहू की संदिग्ध हत्या ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि हर बड़ी वारदात के बाद पुलिस और प्रशासन द्वारा जल्द खुलासे के दावे किए जाते हैं, लेकिन समय बीतते ही मामले ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। पीड़ित परिवार अधिकारियों के चक्कर लगाते रहते हैं और अपराधी खुलेआम घूमते हैं। सबसे चर्चित मामला जमेठी गांव के शिक्षामित्र पवन सिंह का है, जिनका नरमुंड बोरे में मिला था और डीएनए

**शिक्षामित्र, व्यापारी, चैकीदार और रिक्शा चालक के बाद अब मुन्नेलाल हत्या से उठे सवाल**

जांच में उनकी पहचान हुई थी। वहीं मुकेश साहू, रामकृष्ण केसरवानी और हरिश्चंद्र मिश्र हत्याकांड भी आज तक रहस्य बने हुए हैं। अब बिदासिन गांव निवासी गल्ला व्यापारी मुन्नेलाल साहू का शव नहर किनारे क्षत-विक्षत हालत में मिलने से लोगों में भय और आक्रोश है। स्वजनों का आरोप है कि मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस किसी ठोस निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है। स्थानीय लोगों का सवाल है कि यदि पुराने मामलों का समय रहते खुलासा हुआ होता तो अपराधियों में कानून का भय बना रहता। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या मुन्नेलाल साहू हत्याकांड भी अनसुलझे मामलों की सूची में शामिल होगा या पुलिस इस बार अपराधियों तक पहुंचकर पीड़ित परिवार को न्याय दिला पाएगी।

# दो अलग-अलग समुदाय के युवक-युवती ने हिंदू रीति-रिवाज से किया प्रेम विवाह

अखंड भारत संदेश

**परिजनों के विरोध की आशंका के चलते सुरक्षा और अधिकारों के लिए बनवाया विवाह नामा**



**पट्टी।** कोतवाली पट्टी क्षेत्र के अंतर्गत दाऊदपुर गांव में एक अनोखा प्रेम विवाह का मामला सामने आया है, जहां दो अलग-अलग मजहब के युवक-युवती ने सामाजिक बंधनों और धर्म की दीवारों को तोड़कर आपस में शादी रचा ली है। दोनों ने न केवल हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया, बल्कि भविष्य में किसी कानूनी अड़चन या पारिवारिक विरोध से बचने के लिए बाकायदा नोटरी के समक्ष हलफनामा देकर अपने इस रिश्ते पर कानूनी मुहर भी लगवा ली है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। प्रथम पक्ष की युवती सानिया बानो पुत्री खुशीद आलम और द्वितीय पक्ष का युवक अमन कुमार सुत नन्हेंलाल गौतम, दोनों ही कोतवाली पट्टी जनपद प्रतापगढ़ के ग्राम दाऊदपुर के मूल निवासी हैं। दोनों काफी समय से एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते-पहचानते थे और उनके बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। बालिग होने के कारण दोनों ने आपसी सहमति से एक साथ जीवन बिताने का फैसला किया। युवती सानिया बानो ने शपथ पत्र में स्वेच्छा से यह स्वीकार किया है कि वह अमन कुमार के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार विवाह बंधन में बंध चुकी है। उसने सहर्ष अमन को अपने पति के रूप में स्वीकार किया है। वहीं, अमन कुमार ने भी सानिया को अपनी पत्नी मानते हुए जीवनपर्यंत उसका सुख-दुख साझा करने और साथ निभाने का वचन दिया है।उन्होंने यह कदम पूरी तरह सोच-समझकर, बिना किसी बाहरी जोर-दबाव या बहकावे के, स्वस्थ मानसिक दशा में उठाया है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि इस विवाह के बाद यदि लड़की के माता-पिता या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा कोई आपत्ति जताई जाती है या उनके खिलाफ न्यायालय या कोतवाली में कोई मामला दर्ज कराया जाता है, तो उसे पूरी तरह से नाजायज और बातिल (अमान्य) समझा जाए। विरोध करने वाले किसी भी व्यक्ति के कृत्य की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। इस पूरे प्रेम विवाह और कानूनी समझौते की गवाही गांव के ही खुशीद आलम और अमर बहादुर ने दी है, जिनके समक्ष दोनों पक्षों ने इस विवाह नामा पर अपने हस्ताक्षर किए हैं। क्षेत्र में यह अंतरधार्मिक प्रेम विवाह इस समय स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। उक्त अवसर पर जिला मंत्री मनीष कुमार रावत, भाजपा नेता विजय सिंह बजरंगी, बजरंग दल जिला संयोजक प्रिंस बरनवाल, शिवकुमार सोनी, कृष्ण पाल, बबलू गौतम, नन्हे गौतम, राजेश पांडेय सहित लोग मौजूद रहे।

# दस हजार रुपये का इनामी आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश




**पट्टी।** थाना पट्टी पुलिस ने जमीनी विवाद, मारपीट और मकान क्षतिग्रस्त करने के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, 30 मई 2026 को सत्यम दुबे, शशिधर दुबे, मनीष मिश्रा समेत अन्य नामजद और करीब 80-90 अज्ञात लोगों ने एकराय होकर वादी की दुकान और मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया था। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देते हुए जेसीबी से मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया था। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पट्टी कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 227ध2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पट्टी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी लालकृष्ण वर्मा उर्फ ठनके वर्मा पुत्र रामकुमार उर्फ इंद्रपाल वर्मा उर्फ भगत निवासी रमईपुर दिशनी थाना पट्टी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी को क्षेत्र के धनगढ़ सराय छिवलाह के आगे शंकर भट्ठा मोड़ के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की उम्र करीब 32 वर्ष बताई गई है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, आरक्षी राहुल कुमार, अभिषेक गौतम, अरविंद भारती और महिला आरक्षी दिव्या यादव शामिल रहे।

# ब्लैकमेलिंग से तंग आकर छात्रा ने खाया था सल्फास, पांच पर मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 21 वर्षीय लैब टेक्निशियन की छात्रा को नशीली मिठाई खिलाकर दुष्कर्म किया गया। बाद में अश्लील वीडियो व फोटो के सहारे ब्लैकमेल करते हुए उसे आत्महत्या के प्रयास के लिए मजबूर किया गया। बदनामी के डर से पीड़िता ने सल्फास की गोली खाकर अपनी जान देने की कोशिश की थी। इलाज के बाद स्वस्थ होने पर पीड़िता ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा को गांव का ही सूरज चैरसिया अक्सर परेशान करता था। आरोपी रेडीगारापुर बाजार में पान की दुकान चलाता है। उसने मीठी-मीठी बातों और शादी का झांसा देकर छात्रा को अपने जाल में फंसा लिया। बीती 26 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे आरोपी सूरज ने अपने जन्मदिन का बहाना बनाकर छात्रा को अपने घर के पास बुलाया। वहां उसने छात्रा को नशीली मिठाई खिला दी, जिससे उसे चक्कर आने लगा। हालत का फायदा उठाकर आरोपी उसे अपने घर के पीछे बाग में ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने चोरी-छिपे एक वीडियो क्लिप तैयार कर ली। होश में आने पर जब पीड़िता ने विरोध किया, तो आरोपी ने वीडियो क्लिप दिखाकर धमकी दी कि यदि किसी को कुछ बताया तो वह इसे इंटरनेट पर वायरल कर देगा। डरी-सहमी पीड़िता चुप रही, जिसका फायदा उठाकर आरोपी वीडियो कॉल पर उसे अश्लील हरकतें करने के लिए मजबूर करता रहा। मानसिक शोषण से तंग आकर जब पीड़िता ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया, तो आरोपी भड़क गया। फोन न उठाने से नाराज आरोपी सूरज चैरसिया ने बीती 14 जून की रात अपने फेसबुक आईडी से पीड़िता की एक अर्धनग्न फोटो पोस्ट कर दी। अगले दिन सुबह जब पीड़िता को इसकी जानकारी हुई, तो लोक-लाज के डर से उसने सल्फास की गोली खा ली। परिजनों ने उसे गंभीर स्थिति में प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भती कराया, जहां पांच दिनों के इलाज के बाद उसकी जान बच सकी। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई। इस पर आरोपी सूरज चैरसिया और उसके भाई तीर्थराज चैरसिया ने शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि क्षेत्र में लड़कियों को बदनाम करने वाला एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जिसमें सूरज, तीर्थराज, शिवराम, धीरज और शुभम शामिल हैं। इस संबंध में पट्टी कोतवाल आनन्द पाल सिंह ने बताया की तहरीर पर मुख्य आरोपी सूरज चैरसिया समेत पांच लोगों के खिलाफ सुसंगत और गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है, जल्द ही सभी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी



**प्रतापगढ़।** किसानों को आधुनिक, टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान-2026 के तहत जनपद के विभिन्न विकास खण्डों की ग्राम पंचायतो में कृषि संगोष्ठियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को नई तकनीकों, प्राकृतिक खेती तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड सदर के ग्राम सभा कोपा व नौबस्ता, विकास खण्ड़ बाबा बेलखरनाथ धाम की ग्राम सभा सोनाही व जयसिंहगढ़ एवं विकास खण्ड़ विहार के ग्रामसभा फूलपुर रामा व जलालपुर बारो में कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में किसानों ने भाग लिया और कृषि विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. प्रसेनजीत देबनाथ, एम0पी0 सिंह, यतेंद्र कुमार, डॉ. एन.के. सिंह एवं पी.के. सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने, उत्पादन लागत कम करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। विशेषज्ञों ने बीज शोधन, भूमि परीक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, संतुलित उर्वरक प्रयोग, हरी खाद के उपयोग तथा जैव उर्वरकों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही फसलों को रोगों एवं कीटों से बचाने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने तथा पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने के उपायों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों का फार्मर रजिस्ट्रीकरण भी कराया गया तथा उन्हें कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया है कि दिनांक 21.06.2026 को विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ के ग्राम सभा पूरे धना टिकारिया व असोगी, विकास खण्ड़ विहार की ग्राम सभा बूढेपुर व गौरा एवं विकास खण्ड़ बाबागंज के ग्रामसभा गोगहर व जोत का पुरवा विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान-2026 का आयोजन किया जायेगा।



# अधिवक्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को सौपा ज्ञापन

**लालगंज।** जिलास्तरीय समाधान दिवस में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व महामंत्री शिवरंजन यादव की संयुक्त अगुवाई में अधिवक्ताओं ने विभिन्न समस्याओ को लेकर डीएम को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के जरिए अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर मे होने वाले जलभराव, शौचालय की साफ सफाई के साथ ही पार्किंग, लालगंज चैक पर अतिक्रमण, विभिन्न लंबित पत्रावलियों के निस्तारण आदि की समस्याओ पर डीएम का ध्यान आकृष्ट कराया। जिलाधिकारी ने समस्याओ के निस्तारण का अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद, संतोष मिश्र, विनय शुक्ल, आलोक शुक्ल, शिवेन्द्र तिवारी, विवेक शुक्ल, मनोज शुक्ल, भानु प्रताप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, विकास ओझा, शिवाकांत शुक्ल, प्रवीण शुक्ल, अमरनाथ यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# 05 ग्राम पंचायतों में रात्रि चैपाल के माध्यम से अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं




**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद की 05 ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को आयोजित रात्रि चैपालों में प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। चैपालों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। रात्रि चैपालों का आयोजन विकास खंड लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत घूरीपुर, सण्ड़वा चन्द्रिका की गौहानी, सांगीपुर की कुम्भीडीहा, लालगंज की सरायजगतसिंह व विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ की वीजूमऊ ग्राम पंचायत में किया गया। चैपालों में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। ग्राम पंचायतों में आयोजित चैपालों में नामित नोडल अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने आवास, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, स्वच्छता, भूमि विवाद तथा अन्य विकास संबंधी समस्याएं उठाईं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। चैपालों के दौरान अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, आवश्यक दवाओं का वितरण किया तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने के साथ-साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

# कंटेनर ने बाइक को रौंदा दो युवकों की मौके पर मौत

## दुर्घटना के बाद कंटेनर छोड़कर वाहन चालक हुआ फरार

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कुछवा गांव के पास शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा में बाइक सवार दो युवकों को अनियंत्रित कंटेनर चालक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे दोनों युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है और एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू भेजा गया है जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया मृतक दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलते ही घर परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के चक बख्तियार निवासी विवेक द्विवेदी उम्र 21 वर्ष पुत्र अनूप द्विवेदी अपने साथी रमेश निषाद उम्र 21 वर्ष पुत्र अमृत लाल निवासी टिकरा थाना महेवा घाट के साथ शनिवार को बाइक से मूरतगंज से वापस सैनी की ओर लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक राष्ट्रीय राजमार्ग-19 कछुआ पावर हाउस से लगभग एक किलोमीटर पूर्व प्रयागराज-कानपुर लेन पर पहुंचे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार दो युवकों की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों साथी सड़क पर गिर गए। मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कंटेनर चालक कंटेनर छोड़कर मौके से फरार हो गया हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत देखकर आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई

## ब्रेजा और बोलेरो में जोरदार टक्कर

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत रामवन गमन मार्ग स्थित सैता पावर हाउस अंडरपास में शनिवार शाम एक नई मारुति सुजुकी ब्रेजा और उत्तर प्रदेश सरकार लिखी न्यू बोलेरो (वढ70ऋ्रश्र2403) की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई लेकिन दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों का एयरबैग खुल जाने से दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार ब्रेजा में सवार लोग प्रयागराज की ओर से भरवारी में आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे जबकि बोलेरो मंझनपुर की ओर आ रही थी। बताया जा रहा है कि बोलेरो में सेतु निगम पीडब्ल्यूडी से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी सवार थे,जो डीएम कार्यालय में बैठक के बाद लौट रहे थे। वाहन चालक अशोक कुमार बताया गया है।हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों के एयरबैग खुल गए और आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी लोग बाल-बाल बच गए।सूचना पर मूरतगंज पुलिस चौकी प्रभारी कु. शंकरम मौके पर पहुच कर जांच पड़ताल में जुट गए हैं।

मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची सैनी कोतवाली पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर 108 एंबुलेंस से सीएचसी सिराथू भेजा। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वाहन को सैनी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और वाहन चालक की तलाश पुलिस कर रही है मृतक विवेक द्विवेदी विवाहित था और उसकी पत्नी गर्भवती है। पति की मौत की खबर सुनकर उसका रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं रमेश निषाद के परिवार में भी मातम पसरा हुआ है।

# अवैध बालू भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्वाई, पांच लाख रुपये का जुर्माना

## अवैध बालू भंडारण पर प्रशासन सख्त परिवाद दायर कर, की जा रही नीलामी

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** अवैध बालू भण्डारण के सम्बन्ध में सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर का संज्ञान लेते हुए 17.06.2026 को एसडीएम चायल से जांच करायी गयी। जांच में पाया गया कि ग्राम कादिरपुर नेवादा तहसील चायल की आराजी संख्या-191 रकबा 6.5150 हे0 में ग्राम सेमरी, प्रयागराज खनन पट्टा क्षेत्र से टीवीआरओएस फर्म टेक्नोलॉजी प्रो. शाकामुरी नवीन द्वारा बिना सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किए बालू का भण्डारण किया गया है। भण्डारित बालू की अनुमानित मात्रा लगभग 6000 घनमीटर पायी गयी,जिसे सीज करते हुए परिवाद दायर कर नीलामी की जा रही है।इस स्थल पर भण्डारण के लिए सक्षम स्तर से कोई अनुमति प्रदान नहीं की गयी है। इसलिए भण्डारणकर्ता टीवीआरओएस फर्म टेक्नोलॉजी प्रो. शाकामुरी नवीन को 5 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है भण्डारण स्थल पर भण्डारित बालू जनपद प्रयागराज के सेमरी घाट से उठान कर किया गया है, इसलिए जिलाधिकारी, प्रयागराज को जांच कराकर नियमानुसार कार्यवाही के लिए अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है।इसी प्रकार ग्राम पुरखास की आराजी संख्या-07 रकबा 0.6500 हे0 पर बालू का अवैध भण्डारण पाया गया है,जिसे सीज करते हुए परिवाद दायर कर नीलामी की जा रही है।

# अलवारा झील में बिहारी मजदूर की गोली मारकर हत्या

कई वर्षो से अलवारा झील में मछली शिकार का काम करता था मजदूर घटना के समय दो अन्य चौकीदार भी थे मौजूद

एक चौकीदार को पुलिस ने उठाया, दूसरा फरार मछली ठेकेदारों के बीच चल रहा था बड़ा विवाद

अखंड भारत संदेश



**महेवाघाट कौशांबी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र स्थित अलवारा झील में मछली शिकार की निगरानी कर रहे बिहारी मजदूर की शुक्रवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। बीते कई महीनों से मछली के ठेकेदारों के बीच बड़ा विवाद चल रहा था मजदूर की हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई है और मजदूर की मौत पर तमाम चर्चाएं हो रही हैं घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे हैं पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार बरमदीन पुत्र भइया लाल मूल रूप से मुजफ्फरपुर बिहार का निवासी था और कई वर्षो से अलवारा झील में रहकर मछली शिकार का कार्य करता था। शुक्रवार रात वह अपने दो साथियों धमर्पाल और बवाली के साथ झील की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान बरमदीन को गोली मार दी गई,जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी महेवाघाट थाना पुलिस फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी पूछताछ के लिए पुलिस ने चौकीदार धमर्पाल को हिरासत में ले लिया है,जबकि बवाली घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। उसकी तलाश में पुलिस की टीम लगातार दबिश दे रही है।पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।पुलिस का कहना है कि मामले के शीघ्र खुलासे के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

# प्रभारी मंत्री द्वारा प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देशों के अनुपालन के स्थिति की मंडलायुक्त ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** प्रभारी मंत्री द्वारा विगत दिवस जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा मंडलायुक्त प्रयागराज सौम्या अग्रवाल ने शनिवार को उदयन सभागार में की मंडलायुक्त ने नगर पालिका परिषद, भरवारी में एसटीपी की स्थापना कराए जाने के कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राम वनगमन मार्ग पर पड़ने वाले सकाड़ा चौराहा एवं रसूलपुर गिरसा में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए जा रहे कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिशासी अभियंता, लोनिवि से कहा कि संपूर्ण सड़क का सर्वे कर सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करा लिया जाए,ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने खेल का मैदान,पश्चिम शरीरा को अवैध अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की स्थिति की समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कायर्दाई संस्था को सरसवा में अतिथि गृह का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए।बैठक में भरवारी में रेलवे अंडरपास बनाएं जाने के प्रकरण पर बताया गया की रेलवे द्वारा टेंडर कर दिया गया है, शीघ्र ही कार्य शुरू हो जाएगा। बैठक में पश्चिम शरीरा से कटरी घाट संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के प्रकरण पर अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड दयाशंकर ने बताया कि प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रेषित कर दिया गया है।बैठक में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, एसपी सत्यनारायण एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित होकर वीर शहीद भाई भरत तिवारी को अर्पित करें श्रद्धांजलि

**कौशांबी।** सराय अकिल कस्बा के करन चौराहे से पंडित चंद्रशेखर आज़ाद तिवारी के शहीद स्थल सराय अकील तक सवर्ण आर्मी जिलाध्यक्ष अभिषेक पांडेय फाउंडर-परशुरामा फाउंडेशन के नेतृत्व में दिनांक 21/06/2026 दिन रविवार शाम 05:00 बजे शहीद भरत भूषण तिवारी की याद में श्रद्धांजलि एवं कैंडल मार्च निकाला जाएगा और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा ईश्वर से प्राथर्ना करेंगे कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुखद घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करें। सवर्ण आमी जिलाध्यक्ष अभिषेक पांडेय द्वारा अपील की गई है कि उक्त कार्यक्रम में समस्त भाइयों की उपस्थिति महत्वपूर्ण है श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित होकर वीर शहीद भाई भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

# बिना पैमाइश पुस्तैनी घर को हटाने का पीडब्ल्यूडी विभाग पर आरोप

अखंड भारत संदेश

## पीड़ित ने डीएम से उचित मुआवजा व राहत सामग्री दिलाने की किया मांग

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के एक व्यक्ति का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पुस्तैनी घर को बिना पैमाइश व मुआवजा की रकम के बिना हटाया जा रहा है,पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मुआवजा व राहत दिलाए जाने की मांग की है।नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के फराहिमपुर कलेसरमऊ निवासी रोशन लाल पुत्र स्व लालता प्रसाद ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस सिराथू में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि फराहिमपुर कलेसरमऊ में उसका सौ वर्ष पुराना पुस्तैनी घर बना है। जिसका प्रमाण परिवार रजिस्टर की नकल व लेखपाल की आख्या में है,रोशनलाल का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदारों द्वारा बिना पैमाइश के वा मुआवजा की रकम दिए बिना उसके घर को हटाया जा रहा है विधिक अड़चन बताई जा रही है,पीड़ित के मुताबिक विभाग द्वारा पुस्तैनी मकान को हटाए जाने हेतु दो बार नोटिस भी दी जा चुकी हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी से उचित मुआवजा व राहत सामग्री दिलाए जाने की मांग की है।पीड़ित की शिकायत पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी विभाग के जे ई को जांचकर कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

# निर्माणाधीन कल्याण मंडपम एवं ट्रांजिट हॉस्टल/आवास का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** मंडलायुक्त,प्रयागराज सौम्या अग्रवाल ने शनिवार को नगर पालिका परिषद,मंझनपुर के अंतर्गत धाता रोड पर निर्माणाधीन कल्याण मंडपम तथा पुलिस लाइन में निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल/आवास का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया मंडलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर सीएनडीएस से परियोजना के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि और लेबर बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य धीमी पाए जाने पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य एवं समतलीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने परिसर में पौधारोपण कराने के भी निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने पुलिस लाइन में निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल/आवास की निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य धीमी पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर,यूपीपीसीएल को और लेबर बढ़ाकर कार्यों में तेजी लाते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल, पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# चबूतरे की जमीन पर कब्जे का प्रयास बार-बार शिकायत के बाद नहीं हुआ समाधान

अखंड भारत संदेश

## समांतरण चौकी इंचार्ज की तरह चौकी की व्यवस्था मनमानी तरीके से दलाल कर रहा है संचालित

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव में उधम लाल पुत्र विश्वनाथ के पैतृक जमीन पर उनका मकान बना हुआ है और उनके घर के बाहर उनका चबूतरा बना हुआ है उनके चबूतरे पर उनके पड़ोस के रहने वाले वासुदेव पुत्र लाले ईंटा बालू खर पतवार सरपत रखकर जमीन पर जबरिया कब्जा कर रहे हैं मामले की शिकायत लगातार थाना पुलिस से लेकर अधिकारियों तक हुई है लेकिन कब्जा करने वाले का कब्जा नहीं हटा है जिससे उधम लाल और उनके भाई परेशान है मामले को लेकर बीते महीने पुलिस चौकी इंचार्ज से शिकायत की गई लेकिन अवैध कब्जा नहीं हटा उसके बाद मामले की शिकायत थाना दिवस तहसील समाधान दिवस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में भी की गई लेकिन उसके बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटा है बताया जाता है कि उधम लाल की जमीन के चबूतरे पर ईटा बालू और खरपतवार सरपत रखकर पड़ोसी कब्जा कर रहा है अवैध कब्जा हटाने की बात करने पर लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो जाता है डेढ़ वर्षो पहले क्षेत्राधिकारी ने चौकी पुलिस को कब्जा हटाने का निर्देश दिया था लेकिन पुलिस चौकी का एक दलाल पूरी व्यवस्था पर भारी पड़ रहा है और चौकी इंचार्ज इस दलाल के निर्देशन में मामले का निस्तारण कर रहे हैं यह दलाल बीते कई वर्षों से पुलिस चौकी में पूरी तरह से काबिज हो चुका है और समांतरण चौकी इंचार्ज की तरह या दलाल चौकी की व्यवस्था मनमानी तरीके से संचालित कर रहा है जिससे आम जनता को न्याय नहीं मिल रहा है अवैध कब्जा हटाए जाने के सीओ द्वारा निर्देश दिए जाने के बाद भी निजी जमीन से अवैध कब्जा चौकी पुलिस नहीं हटवा रही है सीओ के निर्देश के बाद बालू तो हटा लिया गया लेकिन ईटा और खरपतवार सरपत नहीं हटाया गया है जिससे पीड़ित परिवार परेशान है एक तरफ सरकार कहती है कि जमीनी विवाद का निस्तारण समाधान दिवस में राजस्व अधिकारियों के सहयोग से किया जाए लेकिन उधम लाल दो वर्षों से पुलिस चौकी से लेकर थाना पुलिस वा अधिकारियों की चौखट में दौड़ रहा है लेकिन उसकी जमीन के विवाद का समाधान नहीं हुआ है जिससे विवाद के निस्तारण की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# न्यूज झरोखा

## मंडलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें



**कौशांबी।** मंडलायुक्त, प्रयागराज सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस महा निरीक्षक, प्रयागराज अजय कुमार मिश्र ने शनिवार को तहसील मंझनपुर पहुंचकर जन शिकायतों को सुना मंडलायुक्त, प्रयागराज ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध किया जाए।

## जिलाधिकारी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें



**कौशाम्बी।** जिले के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समया अन्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर शिकायत को निस्तारित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्राथर्ना पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 85 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील मंझनपुर कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील चायल कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई,जिसमें से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

## सिराथू तहसील समाधान दिवस में अव्यवस्था,भीषण गमी में तरसे फरियादी, वाटर कूलर-टंकी शोपीस,नहीं आ रहा पानी



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** जिले की सिराथू तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों को भीषण गमी में परेशान होना पड़ा। समाधान दिवस में आई जनता पानी के लिए तरसती रही। तहसील परिसर में वाटर कूलर और पानी की टंकी तो लगी है,लेकिन नलों से पानी नहीं आ रहा। गमी और उमस से बुजुर्ग-महिलाएं बेहाल दिखीं मामला सिराथू तहसील परिसर का है। शनिवार को यहां संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन चल रहा था। दूर-दराज से सैकड़ों फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। पानी के लिए लोग तरसते दिखाई पड़े हैं भीषण गमी और उमस के बीच फरियादी परेशान रहे तहसील परिसर में लगे वाटर कूलर और पानी की टंकी शोपीस बनी हुई थी फरियादियों ने जब नल खोला तो बूंद-बूंद पानी नहीं टपका मजबूरन लोगों को बाहर दुकानों से पानी की बोतल खरीदनी पड़ी या फिर प्यासे ही लाइन में लगे रहे गमी के कारण कई बुजुर्ग और महिलाएं बेहाल दिखीं। कुछ फरियादियों ने पेड़ की छांव में बैठकर गमी से राहत पाने की कोशिश की। लोगों का कहना था कि प्रशासन को कम से कम पीने के पानी की व्यवस्था तो करनी चाहिए समाधान दिवस में जिला अधिकारी कौशांबी समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधा पानी तक का इंतजाम नहीं है। इससे अफसरों की कायर्शैली पर सवाल उठ रहे हैं। फरियादियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि शिकायत सुनने से पहले कम से कम पानी तो पिलाओ।

## मोहर्रम त्योहार को लेकर संदीपन घाट थाना प्रभारी ने पीएसी बल के साथ किया फ्लैग मार्च

### थाना प्रभारी ने ताजियादारों से की किया संवाद,व शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील ?



**हर्रायपुर कौशांबी।** आगामी मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण सुरक्षित और सकुशल संपन्न कराने के लिए संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव ने पीएसी बल के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया थाना प्रभारी द्वारा लगातार क्षेत्रों का भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कशियापूर्व,शेरगढ़,चिकवन पुरवा क्षेत्र में फ़्लैग मार्च किया और मोहर्रम के जुलूस के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं व दिक्कतों के बारे में विस्तार से जानकारी लिया ताजियादारों को आश्वस्त किया कि जुलूस के रास्तों में बिजली के लटकते तार साफ-सफाई या सड़कों के गड्ढों जैसी जो भी समस्याएं हैं उन्हें समय रहते दुरुस्त कर लिया जाएगा।??थाना प्रभारी इंद्रदेव ने सभी ताजिया कमेटियों के पदाधिकारियों से अपील की कि वे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिना किसी आपसी विवाद के त्योहार को शांतिपूर्ण और पारंपरिक सौहार्द के साथ मनाएं। इस मौके पर मूरतगंज चौकी प्रभारी कु.शंकरम मौजूद रहे।

## केवीके परिसर में आयोजित हुआ किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सजीव प्रसारण




**कौशांबी।** प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की 23वी क़िस्त किसान भाइयों के बैंक खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से 20 जून को हस्तान्तरित किया गया इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी के परिसर में किया गया जिसमे किसानों ने कार्यक्रम का एल.ई.डी. के माध्यम से सजीव प्रसारण देखा एवं प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुनो इसके पूर्व केन्द्र परिसर में एक कृषक वैज्ञानिक संवाद का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिसमे केन्द्र वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अजय कुमार ने किसानों को धान की नसरी के प्रबंधन के साथ -साथ धान की खेती में संतुलित उर्वरक के प्रयोग की बाते बताई उन्होंने कृषको से आवाहन किया कि इस बार के धान की खेती में 25 प्रतिशत रासायनिक उर्वरको का प्रयोग कम करना है इसके स्थान पर इनकी पूर्ति जैविक माध्यमो को अपनाकर करना है जिसमे गोबर की सड़ी हुई खाद एजोटोवेक्टर कल्चर नील हरित शैवाल इत्यादि से करनी होगी जिससे गुणवत्ता युक्त उत्पादन के साथ साथ भूमि की उर्वरा शक्ति भी बढ़े इस कार्यक्रम के कृषि विभाग के कमर्चारी देवेन्द्र एवं निलेश के अलावा केवीके के वैज्ञानिक डॉ अमित कुमार केशरी एवं कमर्चारी शेषनाथ,विनय एवं अखिलेश मिश्रा के साथ -साथ बहुसंख्यक पुरुष एवं महिला कृषको ने प्रतिभाग कियो।

# कलेक्टर के नाम से बनाई फर्जी फेसबुक आईडी, सस्ता सामान बेचने का झांसा देकर ठगी की कोशिश

**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। साइबर** ठग अब लोगों को ठगने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की पहचान का भी दुरुपयोग करने लगे हैं। जिले में कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को सस्ते दामों पर घरेलू सामान बेचने का झांसा देने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, लालगढ़ निवासी प्रमोद रावत को "अर्पित वर्मा आईएएस" नाम की फेसबुक आईडी से मैसेंजर पर संदेश भेजा गया। बातचीत के दौरान उनसे मोबाइल नंबर लिया गया और बताया गया कि कलेक्टर के परिचित तथा सीआरपीएफ में पदस्थ संतोष कुमार उनसे संपर्क करेंगे। इसके बाद एक मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप संदेश भेजकर घरेलू सामान बेचने की पेशकश की गई।







संदेश में बेड, फ्रिज, लैपटॉप, सोफा समेत अन्य सामानों की तस्वीरें भेजी गईं। दावा किया गया कि सामान महज तीन महीने पुराना है और उस पर पांच साल की गारंटी-वारंटी भी उपलब्ध है। ठगों ने पूरे सामान की कीमत 90 हजार रुपये बताकर आकर्षक सौदे का लालच दिया।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इसी तरह के संदेश जिले के कई अन्य लोगों को भी भेजे गए हैं। आशंका है कि ठग सामान बेचने के नाम पर लोगों से अग्रिम राशि जमा कराने की कोशिश कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कलेक्टर के नाम से बनाई गई फर्जी फेसबुक आईडी हाल ही में तैयार की गई है और इससे करीब एक हजार लोगों को जोड़ा गया है।

जिला जनसंपर्क कार्यालय के अनुसार मामले की शिकायत साइबर सेल को सौंप दी गई है। पुलिस फर्जी आईडी संचालित करने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ





कार्रवाई के लिए तकनीकी जांच कर रही है।

# 60 लाख से संवरेगा शास्त्रीनगर का तालाब,बनेगा सरोवर और पार्क

**सुलतानपुर। नगर** पालिका परिषद सुलतानपुर ने वार्ड शास्त्रीनगर स्थित भोले बाबा मंदिर और पुलिस चौकी के निकट पुराने तालाब के कायाकल्प की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शनिवार को पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 60 लाख रुपये की लागत से होने वाले जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया।पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वर्षों से उपेक्षित यह तालाब जर्जर हालत में था। पूर्व सांसद मेनका गांधी और स्थानीय नागरिक लगातार इसे सरोवर व पार्क के रूप में विकसित करने की मांग कर रहे थे। अब तालाब को नया स्वरूप देते हुए चारों ओर पक्की सीढ़ियां, बाउंड्रीवाल, फाउंटेन, हाईमास्ट लाइट, इंटरलॉकिंग पाथवे, बैठने के लिए ग्रेनाइट युक्त बेंच, पौधरोपण, सबमर्सिबल पंप और लोहे का गेट लगाया जाएगा।उन्होंने घोषणा की कि तालाब के निकट पेडस्टल बनाकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा भी स्थापित कराई जाएगी।भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग पर इस परियोजना को



आगे बढ़ाया गया है। यह कार्य जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र सरोज, सहायक अभियंता संतोष कुमार, स्थानीय सभासदों समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। तालाब के सौंदर्यीकरण से शास्त्रीनगर क्षेत्र को एक नया आकर्षक सार्वजनिक स्थल मिलने की उम्मीद है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई 146 शिकायतें, 16 मामलों का मौके पर निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जिले** की भदोही, ज्ञानपुर और औराई तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर निस्तारण किया, जबकि शेष शिकायतों को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटाने के निर्देश दिए गए। तहसील भदोही में जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने लोगों की शिकायतें सुनीं। यहां कुल 78 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से पांच मामलों का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

तहसील ज्ञानपुर में प्राप्त 27 शिकायतों में से पांच का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि तहसील औराई में 41 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें छह मामलों का तत्काल समाधान किया गया। इस प्रकार तीनों तहसीलों में कुल 146 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 16 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से शिविर भी लगाए गए। इनमें आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, महिला कल्याण, मिशन शक्ति, बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा राजस्व विभाग की योजनाओं से संबंधित जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट तथ्यपरक और स्पष्ट होनी चाहिए, जिससे शिकायतकर्ता को संतोषजनक न्याय मिल सके। साथ ही जांच के दौरान





मौके पर जाकर जीपीएस आधारित फोटो अपलोड करने के निर्देश भी दिए।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने राजस्व विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए कानूनगो, लेखपाल और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बार-बार सामने आने वाले विवादों की सूची तैयार कर समन्वय के साथ उनका समाधान सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक की मौत, एक गंभीर घायल



**अखंड भारत संदेश**

**शिवपुरी। जिले** के इंदार थाना क्षेत्र में शनिवार को रन्नौद-माढा-सिंघारई मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंघारई निवासी हरपाल यादव (34) पुत्र लालजीराम यादव अपनी बाइक से माढा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान झंडी बहादुरा की तरफ से आ रहे कैलाश जाटव की मोटरसाइकिल से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हरपाल यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं कैलाश जाटव की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही इंदार थाना प्रभारी विवेक यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है।

# मिशन शक्ति 5.0: महिलाओं की सुरक्षा के लिए सुलतानपुर पुलिस का बड़ा जनजागरण अभियान



**सुल्तानपुर** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस ने महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन में सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। इस दौरान हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 108, 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस ने महिलाओं से निडर होकर अपनी बात रखने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की।

# तहसील परिसर में चला स्वच्छता अभियान, अधिकारियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**औराई (भदोही)। स्वच्छता** अभियान के तहत शनिवार को औराई तहसील परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी श्याम मणि त्रिपाठी और तहसीलदार की अगुवाई में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान तहसील परिसर में फैले कूड़े-कचरे को हटाया गया और साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



किया गया। अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ मिलकर परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया।उप जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे दैनिक कार्यशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि तहसील परिसर में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखें ताकि फरियादियों और आम लोगों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण मिल सके।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यस्थल को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखने में सहयोग करें। इससे न केवल कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि आमजन पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

अभियान में तहसील के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बंटवारे में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**करैरा (शिवपुरी)। ग्राम** अमोलपठा में कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर विवाद गहरा गया है। संयुक्त स्वामित्व वाली जमीन के बंटवारे में अनियमितता और राजस्व कर्मचारियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उनका कहना है कि मुख्य मार्ग से लगी मूल्यवान भूमि कथित रूप से कुछ लोगों के पक्ष में दर्ज कर दी गई, जबकि अन्य सह-स्वामियों को पीछे की भूमि आवंटित कर दी गई। शनिवार को श्यामलाल, रामकिशन,




अनिल, उत्तम सहित कई ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा। शिकायतकताओं का आरोप है कि सर्वे नंबर 30, 31 और 45 की संयुक्त कृषि भूमि का बंटवारा उनकी जानकारी और सहमति के बिना कराया गया। मामले को लेकर एसडीएम न्यायालय में अपील लंबित है, वहीं धारा-250 के तहत दूसरा प्रकरण भी विचाराधीन है। ग्रामीणों का कहना है कि 19 जून को दूसरे पक्ष के लोग खेत पर पहुंचे और उन्हें भूमि से हटाने का प्रयास किया। इस दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हुई। शिकायत में कुछ पुलिसकर्मियों पर भी उनकी बात न सुनने और खेत छोड़ने का दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है।

पीड़ित पक्ष ने भूमि विवाद से जुड़ी पूर्व की गंभीर घटनाओं का हवाला देते हुए सुरक्षा उपलब्ध कराने, आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा न्यायालय के अंतिम निर्णय तक किसी भी प्रकार की बेदखली की कार्रवाई रोकने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

# बारिश में सब्जी-बाड़ी...



**बाबा मायाराम**

**एक** समय हमारे गांव में बाड़ियों में घरों के पीछे कई तरह की हरी सब्जियां और मौसमी फल और मोटे अनाज लगाए जाते थे। जैसे भटा, टमाटर, हरी मिर्च, अदरक, भिंडी, सेमी (बल्लर), मक्का, ज्वार आदि होते थे। मुनगा, नींबू, बेर, अमरूद आदि बच्चों के पोषण के स्रोत होते थे। इसमें न अलग से पानी देने की जरूरत थी और न ही खाद। जो पानी रोजाना इस्तेमाल होता था उससे ही बाड़ी की सब्जियों की सिंचाई हो जाती थी। इसमें अदरक, हल्दी जैसे औषधीय पौधे भी होते थे।

बारिश का मौसम आ गया है। खेती-बाड़ी की तैयारी चल रही है। मिट्टी की सौंधी खुशबू आ रही है। सूखे पेड़ों में हरे पत्ते आने लगे हैं। धरती पर हरी चादर फैलने लगी है। सूखी नदियों में पानी बढ़ गया है। ऐसे समय मुझे याद आ रही है, बारिश के मौसम में लगने वाली सब्जियों की, जिससे ताजी हरी घर की सब्जियां मिलती हैं। हालांकि सब्जी बाड़ी की परंपरा कुछ कमजोर हुई है, पर अब भी देश के कई कोनों में यह परंपरा कायम है। आज के कॉलम में इसी पर बात करना चाहूंगा, जिससे हम हमारी पुरानी अच्छी परंपराओं को समझ सकें, कायम रख सकें।

मुझे याद आ रही है मेरे गांव की, जहां लोग इस मौसम में घरों की मरम्मत करते थे, जिससे बारिश का पानी घर के अंदर न आए। रास्तों की मरम्मत करते थे, जिससे आने-जाने में असुविधा न हो। ईंधन के लिए लकड़ियों का इंतजाम कर लिया जाता था। मवेशियों के लिए भूसा, चारा का इंतजाम कर लिया जाता था।

इसी प्रकार, बारिश के पहले बाड़ियों में देसी सब्जियां उगाई जाती थीं। हर साल सब्जियों के बीज बचाकर रख लिए जाते थे, और बारिश आते ही उन्हें बाड़ियों में बोया जाता था। कुछ ही दिनों में हरी सब्जियां आने लगती थीं। घरों की छतों पर, बागुड़ में सब्जियों की बेल फैल जाती थीं। फल आने लगते थे। उनके वजन के भार से बागुड़ भी टेढ़ी-मेढ़ी हो जाती थीं। एक समय हमारे गांव में बाड़ियों में घरों के पीछे कई तरह की हरी सब्जियां और मौसमी फल और मोटे अनाज लगाए जाते थे।

# पीटीओ शैलेंद्र तिवारी के नेतृत्व में चला विशेष सड़क सुरक्षा अभियान, हेलमेट पहनने का दिया संदेश

**सुल्तानपुर। सड़क** सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पीटीओ शैलेंद्र तिवारी के नेतृत्व में विशेष चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। शहर के गोलाघाट स्थित यातायात चौकी के पास परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने वाहनों की सघन जांच की तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया।

अभियान के दौरान पीटीओ शैलेंद्र तिवारी ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि "हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं,




बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण कवच है। सड़क दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट आपकी जान बचा सकता है।"उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करें और हमेशा हेलमेट पहनकर ही यात्रा करें। पीटीओ ने बताया कि हेलमेट पहनने से केवल दुर्घटना में सुरक्षा ही नहीं मिलती, बल्कि धूल, धूप, ठंड और बारिश से भी बचाव होता है। साथ ही चेहरा भी सुरक्षित और स्वच्छ रहता है।

अभियान के दौरान ई-रिक्शा चालकों को भी आवश्यक दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, पंजीकरण प्रमाणपत्र एवं अन्य अभिलेख अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि सभी वाहन चालक नियमों का पालन करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।चेकिंग अभियान के दौरान कई वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के चालान भी किए गए, जबकि बड़ी संख्या में लोगों को समझाकर जागरूक किया गया।पीटीओ शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने तथा अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटी-सी सावधानी किसी की जिंदगी बचा सकती है।

इस विशेष अभियान में परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के कई अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे तथा लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया।पीटीओ शैलेंद्र तिवारी का सड़क सुरक्षा संदेशः हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं

गोलाघाट में चला विशेष चेकिंग अभियान, पीटीओ शैलेंद्र तिवारी ने लोगों को किया जागरूक हेलमेट है जीवन का सुरक्षा कवच, पीटीओ शैलेंद्र तिवारी ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, पीटीओ शैलेंद्र तिवारी रहे अभियान के केंद्र में।

# जिलाधिकारी ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर कठोर कार्यवाई के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासकीय सेवाओं की धरातलीय स्थिति परखने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय की प्रशासनिक व चिकित्सकीय व्यवस्थाओं में कई खामियां पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण की शुरूआत पंजीकरण कक्ष से की गई, जहां तैनात कंप्यूटर ऑपरेटरों से दैनिक ओपीडी पंजीकरण की संख्या के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। इसके बाद इमरजेंसी ड्यूटी कक्ष, इमरजेंसी वार्ड संख्या-1, आयुष्मान वार्ड, नियमित (परमानेंट) कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर तथा संविदाकर्मी उपस्थिति रजिस्टर का गहन अवलोकन व परीक्षण किया गया। वार्डों के निरीक्षण के दौरान मरीजों के लिए बेड की अनुपलब्धता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अन्य वार्डों में रिक्त बेडों को तत्काल उपयोग में लाया जाए तथा पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर मरीजों को बेड आवंटित किए जाएं। बेडशीट पर दाग पाए जाने पर तथा खिड़कियों पर जमी धूल पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने बेड़ो की चादर बदलने तथा साफ सफाई व्यवस्था मे तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पांच कार्मिक अनुपस्थित पाए गए, जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि दोपहर दो बजे तक की अवधि में कोई भी कर्मचारी चिकित्सालय छोड़कर बाहर नहीं जाएगा। उक्त के अतिरिक्त ग्राउंड फ्लोर पर अत्यधिक गंदगी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित ग्राउंडफ्लोर के तीन सफाई कर्मियों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी की संतोषजनक आख्या



प्राप्त होने के बाद ही इनका वेतन बहाल किया जाए।

जिलाधिकारी ने समस्त नियमित, संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों (स्वीपर सहित) को अनिवार्य रूप से निर्धारित ड्रेस कोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्वीपर्स के पास ड्रेस उपलब्ध नहीं है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर ड्रेस उपलब्ध कराया जाए।

आउटसोर्सिंग कर्मचारी रजिस्टर के अवलोकन के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा उपस्थिति प्रमाणित (मार्क) न किए जाने पर जिलाधिकारी ने बडी प्रशासनिक शिथिलता मानते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि उपस्थिति पंजिका में सभी कर्मचारियों के हस्ताक्षर क्रमानुसार (सीरियल में) दर्ज हो।

निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को संपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र परिसर में उच्च स्तरीय साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश (लाइटिंग) व्यवस्था तथा मरीजों के लिए सुलभ जन-सुविधाएं सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक शाहिद सहित संबंधित चिकित्साकर्मी मौजूद रहे।

## सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के निदेशों के क्रम में शुक्रवार को सिंचाई प्रखण्ड प्रथम कर्वी-चित्रकूट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर एक विशेष दो दिवसीय योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह विशेष आयोजन पुरानी सिंचाई कॉलोनी कर्वी में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दो दिवसीय योग उत्सव के प्रथम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 05:45 बजे हुआ। अनुभवी योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित जनसमूह ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। सत्र के दौरान योग के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया। सिंचाई प्रखण्ड प्रथम कर्वी द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का समापन कल रविवार को प्रातः 05:45 बजे से 07:00 बजे के मुख्य सत्र के साथ होगा। आयोजक समिति ने विभाग के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों तथा क्षेत्रीय जनता से आज के मुख्य सत्र में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और स्वास्थ्य क्रांति का भागीदार बनने की अपील की है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

### विगत तीन वर्षों में पारित आदेशों की पत्थरगड़ी का 15 कार्यदिवसों में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश, महिला संबंधी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें- पुलिस अधीक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तहसील सभागार राजापुर में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर चकबंदी, पत्थरगढ़ी, सिंचाई, जलकल, चकरोड़, अतिक्रमण एवं अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न जन-शिकायतें एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण करना है। यह प्रदेश मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण केवल कागजी न होकर, संबंधित विभागों द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर किया जाए। जहां आवश्यक हो, वहां राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार न भटकना पड़े।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि विगत तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-24 के अंतर्गत जितने भी आदेश पारित हुए हैं, उनके अनुपालन में पत्थरगड़ी की वास्तविक स्थिति की समीक्षा करें। इस संबंध में आगामी 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि धारा 116 (बंटवारा) और धारा-24 के वादों का निस्तारण लगातार



नियत तिथि लगाकर किया जाए। स्थलीय निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों की तिथिवार ड्यूटी निर्धारित की जाए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अथवा शिथिल कार्यप्रणाली वाले लेखपालों को तत्काल प्रभाव से कलेक्ट्रेट संबद्ध (अटैच) कर दिया जाएगा।

समन्वय और पोर्टल प्रबंधन पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक किसी भी परिस्थिति में 90 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देशित किया कि जिन मामलों में आपसी सहमति की गुंजाइश हो, वहां दोनों पक्षों में समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस बल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित प्रत्येक प्रकरण को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ लिया जाए और उनका प्राथमिकता के आधार पर विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कानून-व्यवस्था और भूमि विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए पुलिस और राजस्व टीम आपसी समन्वय से कार्य करें।

इस क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राजापुर में 73 मे सात, मऊ में 138 में चार, मानिकपुर में 66, कर्वी में 90 में से छः का मौके पर निस्तारण करा दिया गया।

इस संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी राजापुर फूलचंद्र यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी, जिला परियोजना अधिकारी सत्यराम यादव, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मन सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## रामायण मेला सभागार में पोषण जागरूकता, रेसिपी प्रदर्शन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**चित्रकूट।** जनपद के रामायण मेला सभागार में संभव अभियान 6.0 के अंतर्गत टीएचआर रेसिपी निर्माण विधि एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के अभिभावकों को संतुलित आहार, पोषण संवर्धन तथा कुपोषण की रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में नगर पालिका परिषद कर्वी के अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा विभागीय गतिविधियों के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने नगरपालिका परिषद कर्वी की ओर से भी विभाग को आवश्यक सहयोग एवं संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जाटव ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री द्वारा महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज में मां यशोदा के समान भूमिका निभाती हैं और बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विभागीय लाभार्थियों के लिए नवीन मानकों पर आधारित पौष्टिक रेसिपियों को उपलब्ध कराने के संकल्प की घोषणा करते हुए बताया कि इसका शुभारंभ शनिवार से किया जा रहा है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों की ओर से विभाग को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## पुलिस टीम ने बकरी चोरी के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह व उनकी टीम ने रसिन मोड़ से करीब 100 मीटर अन्दर की ओर से अभियुक्त को चोरी की तीन रास बकरियों व घटना में प्रयुक्त होण्डा कार के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों का मोहम्मद नूह पुत्र अहमद अली निवासी गढ़ी बाजार थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी का रहने वाला है। गिरफ्तार करने वाली टीम का में उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, आरक्षी नरेन्द्र सिंह एवं आरक्षी शक्ति सिंह मौजूद रहे।

# पीएम किसान उत्सव दिवस का सफल आयोजन संपन्न, किसानों ने पीएम संबोधन में लाइव देख प्राप्त की 23वीं सम्मान निधि




**अखंड भारत संदेश**


**चित्रकूट।** भारत सरकार के निदेर्शानुसार शनिवार को प्रदेशभर के कॉमन सर्विस सेंटर पर पीएम किसान उत्सव दिवस का व्यापक एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित सीएससी केन्द्रों पर बड़ी संख्या में किसानों ने एकत्र होकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी होने के इस अवसर के साक्षी बने। सीएससी जिला प्रबंधक अतुल कुमार द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर प्रत्येक सीएससी केन्द्र पर किसानों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने सरकार द्वारा किसानों के कल्याण एवं कृषि क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के आद बड़ी संख्या में पात्र किसानों ने अपने बैंक खातों में प्राप्त सम्मान निधि की राशि ऑनलाइन माध्यम से सुरक्षित एवं त्वरित भुगतान निकासी भी की। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित हुई तथा किसानों को बैंक शाखाओं में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

प्रदेश के सभी जनपदों में जिला प्रबंधकों के समन्वय एवं वीएलई की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएससी केन्द्रों पर किसानों के साथ समूह फोटो एवं गतिविधियों का दस्तावेजीकरण कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर रिपोर्टिंग के लिए अपलोड किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय ने सभी जिला प्रबंधकों एवं वीएलई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर ग्रामीण भारत में डिजिटल सेवाओं, वित्तीय समावेशन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पीएम किसान उत्सव दिवस का यह आयोजन किसानों तक सरकारी योजनाओं की प्रभावी पहुँच एवं डिजिटल सेवा वितरण के प्रति सीएससी नेटवर्क की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

राज्य में आयोजित इस कार्यक्रम को स्थानीय समाचार-पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा भी प्रमुखता से कवरेज प्रदान किया गया, जिससे किसानों के बीच सीएससी केन्द्रों की उपयोगिता एवं डिजिटल सेवाओं के प्रति जागरूकता को और अधिक बल मिला।



क्रियायोग
हं
क्षं
परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग
महावतार बाबाजी की शिक्षा होली साइन्स में...
यथासंभव स्पष्टता के साथ दिखाना कि सब धर्मों में सारभूत एकता है;
और विभिन्न धर्मों और पंथों द्वारा प्रतिपादित सत्यों में कोई भेद नहीं है।
The teachings of Mahavatar Babaji is to show as clearly as possible
that there is an essential unity in all religions; that there is
no difference in the truths inculcated by the various faiths.
श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि
कैवल्य दर्शनम्
Yogoda Satsanga Society of India
Swami Sri Yukteswar
The
HOLY SCIENCE
Self-Realization Fellowship
ज्ञानावतार स्वामी श्री युक्तेश्वर जी